

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

रिश्तेदार नहीं चाहते थे फिल्मों में आएं तृप्ति डिमरी


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 168 ■ रविवार, 22 सितंबर 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# भगवान भालेराव RPI से निष्कासित








■ रिपा की उल्हासनगर जिला कार्यकारिणी बर्खास्त

■ उल्हासनगर की राजनीति में जबरदस्त हलचल

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के राजनीतिक हलके में बड़ा घटनाक्रम हुआ है। केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले के आदेश पर शहर अध्यक्ष भगवान भालेराव को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है. यह कार्रवाई अनुशासनात्मक कार्रवाई के आरोप में की गई है और उल्हासनगर जिला कार्यकारिणी को भी बर्खास्त कर दिया गया है. इस फैसले से स्थानीय राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई है और सभी का ध्यान अगली राजनीतिक गतिविधियों पर केंद्रित हो गया है.

भगवान भालेराव को रिपब्लिकन पार्टी के आंदोलन से उल्हासनगर शहर अध्यक्ष और उपमहापौर जैसी महत्वपूर्ण भूमिका मिली। हालाँकि, हाल के दिनों में उनके खिलाफ कई पार्टी विरोधी शिकायतें दर्ज की गईं। देखा गया है कि पार्टी कार्यकर्ताओं और संगठन की ये शिकायतें गंभीर प्रकृति की हैं. इन शिकायतों में पार्टी अनुशासन का उल्लंघन और संघ के फैसलों को मान्यता न देना जैसे मुद्दे शामिल हैं. पार्टी की इन शिकायतों पर गंभीरता से विचार करने के बाद आखिरकार रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के ठाणे प्रदेश संपर्क प्रमुख सुरेश बारशिंग ने निष्कासन की घोषणा की. साथ ही उल्हासनगर नगर कार्यकारिणी को भी इन्हीं कारणों से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है. पार्टी की उल्हासनगर जिला कार्यकारिणी का जल्द ही नए नेतृत्व में पुनर्गठन किया जाएगा और पार्टी के नए संगठन को देखते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। बारशिंग ने कहा, इस संबंध में श्रमिकों में नई आशा पैदा करने का प्रयास किया जाएगा।

भगवान भालेराव के निष्कासन से पार्टी में काफी तनाव पैदा हो गया है. भालेराव को पार्टी से निकाले जाने से उनके समर्थकों में आक्रोश फैल गया है, जबकि उनके विरोधियों ने इस कदम का स्वागत किया है। इन घटनाओं से उल्हासनगर के राजनीतिक हलके में बड़ी चर्चा शुरू हो गई है. भालेराव के बाहर होने से उनके आगामी राजनीतिक करियर पर सवालिया निशान लग गया है.

# आरोपी अक्षय शिंदे ने कबूला जुर्म

■ विशेष जांच समिति ने आरोप पत्र दाखिल किया

■ 20 से अधिक लोगों की गवाही दर्ज

■ 500 पेज की चार्जशीट

**बदलापुर.** बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी ने मेडिकल जांच के दौरान डॉक्टर के सामने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है. यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी. बदलापुर के एक स्कूल में दो बच्चों से यौन उत्पीड़न मामले की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पूरी कर ली है.

विशेष जांच समिति ने कल्याण की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है. मामले में स्कूल स्टाफ, डॉक्टर, फोरेंसिक अधिकारी और तहसील अधिकारियों सहित 20 से अधिक लोगों की गवाही दर्ज की गई है। उन्होंने यह भी बताया था कि आरोपी ने एक लड़की की पिटाई भी की थी. इस मामले में सोमवार को पहली चार्जशीट दाखिल की गई. विशेष जांच दल की महानिरीक्षक आरती सिंह ने बताया कि उसके बाद गुरुवार को दूसरे मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया.

## बदलापुर यौन उत्पीड़न मामला





बदलापुर मामले में, विशेष जांच दल (एसआईटी) ने भारतीय दंड संहिता की धारा 65 (2) (12 वर्ष से कम उम्र की महिला का बलात्कार), 74 (महिला पर अत्याचार या आपराधिक बल का प्रयोग), 75 (यौन उत्पीड़न), 76 (महिलाओं के खिलाफ जबरदस्ती), और बाल यौन शोषण, रक्षा अधिनियम की धारा 4 (2), 8 और 10 के तहत आरोप पत्र दायर किया गया है। 500 पन्नों की प्रत्येक चार्जशीट में 20 से अधिक गवाह, वैज्ञानिक साक्ष्य शामिल हैं। ऑन-ड्यूटी सुरक्षा गार्ड ने कथित तौर पर 12 और 13 अगस्त को स्कूल के शौचालय में लड़की का यौन उत्पीड़न किया।

■ **बदलापुर मामले में अहम सबूत**

आरोपी ने पुलिस पूछताछ और डॉक्टर के सामने स्वीकार किया है कि वह बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न के अपराध में शामिल था. अधिकारी ने कहा, "यह जानकारी इस मामले में अहम सबूत हो सकती है." दोनों लड़कियों के बयान भारतीय न्याय संहिता और POCSO अधिनियम के प्रावधान 183 के अनुसार दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा पीड़ित लड़कियों ने पहचान परेड में आरोपियों की पहचान भी की.

# मजीप्रा प्लॉट पर भू-माफियाओं की 'नजर'

■ डॉ. अम्बेडकर पार्क के निर्माण की मांग

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण (MAJPRA) के आरक्षित भूखंड पर भू-माफियाओं की नजर है और इस जगह पर कब्जा करने की उनकी कोशिशें बार-बार उजागर हो रही हैं। इस भूखंड की सुरक्षा के लिए सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कोर्डे ने 'डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर 'पार्क' बनाने की मांग की गई है. यह मामला शहर में चर्चा का विषय बन गया है और मजीप्रा प्रशासन की ओर से तत्काल कदम उठाए जा रहे हैं.



शहर में महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण (MAJPRA) के स्वामित्व वाला आरक्षित भूखंड कुर्ला कैंप-शिव मंदिर रोड के किनारे उल्हासनगर -5 में स्थित है। यहां कई बार तोड़फोड़ और मजिप्रा बोर्ड उखाड़ने की घटनाएं हो चुकी हैं। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कोरडे ने इसकी शिकायत मजीप्रा प्रशासन से की थी. साथ ही प्रहार जन शक्ति पार्टी के ठाणे जिला अध्यक्ष स्वप्निल पाटिल, बहुजन मुक्ति पार्टी और अन्य सामाजिक संगठनों ने भी इस संबंध में आवाज उठाई।

इस आरक्षित भूखंड पर भू-माफियाओं की नजर है, इसे देखते हुए शहर के विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक व सांस्कृतिक संगठनों ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है. यहां आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त पार्क की स्थापना न केवल भूखंड की सुरक्षा के लिए बल्कि शहर के नागरिकों की जीवनशैली में सुधार के लिए भी आवश्यक होगी।

## धूम स्टाइल से चेन लूटी

**उल्हासनगर.** कल्याण से अंबरनाथ रोड पर धूम स्टाइल में मोटरसाइकिल पर आए दो लोगों ने साढ़े पांच तोले की सोने की चेन लूट ली। पुलिस ने इस मामले में कपिल आहूजा की शिकायत के आधार पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. कपिल आहूजा रात 11 बजे पवन शर्मा के साथ उल्हासनगर कैंप नंबर 3, कल्याण से अंबरनाथ रोड पर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान धूम स्टाइल में मोटरसाइकिल पर आए दो लोगों में से एक ने आहूजा के गले से साढ़े पांच तोले की सोने की चेन खींच ली और भाग गया। चेन की कीमत 2 लाख 20 हजार है.

# शिक्षिका के साथ 13 लाख की धोखाधड़ी

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ आर्डनेंस इस्टेट में एक शिक्षिका को आनलाइन डरा धमका कर 13 लाख रुपए ऐंठ लिए गए हैं. आर्डनेंस केंद्रीय विद्यालय की 38 वर्षीय शिक्षिका ने अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में शिकायत लिखाई है कि पुलिस ने माहिती तंत्रज्ञान अधिनियम के अनुसार अज्ञात के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है.

शिक्षिका के अनुसार 7 सितंबर से 12 सितंबर के बीच उन्हें फोन करके बताया गया कि उनके नाम से जारी किए गए क्रेडिट कार्ड से दो संदिग्ध ट्रांजेक्शन किया गया है. उनको बताया गया कि मुंबई बैंक से मुंबई पुलिस को फोन ट्रांसफर किया जा रहा है. ऐसा झूठा कॉल करके मुंबई पुलिस और सीबीआई आफिसर बोल रहा हूं, ऐसा बोलकर उन्हें डराया गया. उनके मोबाइल से उनके बैंक के बारे में सारी जानकारी लेकर बताया गया कि कैनरा बैंक के इल्लीगल एकाउंट में मनी लान्ड्रिंग के पैसे हैं और मनी लान्ड्रिंग केस में सुप्रीम कोर्ट से उनके नाम का अरेस्ट वारंट निकाला गया है. शिक्षिका के व्हाट्सएप पर नकली कागजात बनाकर भेजे गए और कहा गया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए उनकी प्राथमिक जांच के नाम पर धोखा देकर शिक्षिका द्वारा दिए गए बैंक एकाउंट से 13 लाख रुपए ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया गया. इस तरह उनकी आनलाइन माध्यम से आर्थिक धोखाधड़ी की गई. शिक्षिका के परिवार के व्यक्ति, रेलवे, बैंक और आर्डनेंस में नौकरी पर है. मामले की जांच पुलिस कर रही है.



मनपा आयुक्त विकास ढाकने के आश्वासन के बाद

# मनपा के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की भूख हड़ताल वापस ली



■ सोमवार को होगी चर्चा

**उल्हासनगर.** मनपा के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने आयुक्त विकास ढाकने से चर्चा के बाद विभिन्न मांगों को लेकर अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दी. हालांकि आयुक्त ढाकने ने बताया कि सोमवार को इस पर विस्तृत चर्चा होगी.

उल्हासनगर मनपा के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने सेवानिवृत्ति के बाद विभिन्न लाभ और सेवा वेतन का भुगतान न करने के विरोध में मनपा के साथ मिलकर आंदोलन शुरू कर दिया था। फॉलोअप के बाद भी मनपा प्रशासन द्वारा कोई जवाब नहीं दिए जाने के विरोध में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने गुरुवार से सांकेतिक भूख हड़ताल शुरू कर दी। आखिरकार आयुक्त विकास ढाकने ने ध्यान दिया और प्रतिनिधिमंडल से चर्चा की. आयुक्त ने कहा कि चूंकि सेवानिवृत्त कर्मचारी मनपा के कर्मचारी थे, इसलिए उनकी समस्याओं का समाधान किया जाना था. कमिश्नर से वार्ता के बाद संतुष्ट होकर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भूख हड़ताल समाप्त कर दी। हालांकि कमिश्नर ने कहा कि वह सोमवार को कर्मचारी से समस्या पर विस्तार से चर्चा करेंगे.

विधायक कुमार आयलानी ने आयुक्त विकास ढाकने से चर्चा कर सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों के समाधान करने की भी मांग की. प्रहार के राज असरोडकर और स्वप्निल पाटिल के मार्गदर्शन में सेवानिवृत्त कर्मचारी अनशन पर बैठे. सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने आयुक्त विकास ढाकने के सकारात्मक रुख पर संतोष व्यक्त किया.

# पुराने विवाद को लेकर कोयते से हमला

■ चक्की नाका की घटना

■ पति-पत्नी समेत तीन लोगों पर मामला दर्ज

**कल्याण.** पूर्व के चक्की नाका में पुराने विवाद को लेकर बदले की भावना से एक ही परिवार के तीन लोगों की पिटाई किए जाने की घटना सामने आई है। मारपीट में संदीप शिंदे नामक व्यक्ति पर कोयते से जानलेवा हमला किया गया और उसकी मां व बहन की भी पिटाई की गई। इस घटना में कोलसेवाड़ी पुलिस ने अश्विनी चव्हाण, उसका पति संभाजी चव्हाण और जयेश जगताप इन तीनों पर मामला दर्ज किया है। तीनों आरोपी चक्की नाका स्थित शास्त्रीनगर के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो घटना के बाद फरार हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार घटना में बुरी तरह घायल संदीप शिंदे नांदिवली स्थित आरटीओ मैदान के पास रहते है। कुछ दिन पहले किसी बात को लेकर आरोपियों का संदीप की बहन के साथ झगड़ा हुआ था। इसी बात को लेकर शुक्रवार को फिर से विवाद हो गया। इस दौरान अश्विनी, संभाजी और जयेश ने संदीप और उसके परिवार की जमकर पिटाई कर दी। आरोपी जयेश ने धारदार कोयते से संदीप के सर पर हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। इतना ही उन्होंने संदीप की मां और बहन के साथ भी बदसलूकी की और सर पर लाठी मारकर संदीप की मां को भी जख्मी कर दिया। इस घटना को लेकर कोलसेवाड़ी पुलिस ने चव्हाण पति-पत्नी एवं जयेश जगताप पर मामला दर्ज कर लिया है, और उनकी तलाश में जुट गई है।

# अंबरनाथ नपा सभागृह, व्यायाम मंदिर में लाखों का सामान चोरी






■ सामान, वाटर मोटर, खिड़की, दरवाजे चोरी

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के हाउसिंग बोर्ड में नगर परिषद द्वारा निर्मित किए गए देऊराम वाळुंज सभागृह, व्यायाम मंदिर में लाखों रुपयों के सामान की चोरी हुई है. खबर लिखे जाने तक नपा के सुरक्षा रक्षक द्वारा अंबरनाथ पुलिस में चोरी की वारदात का एफआईआर दर्ज किया जा रहा था. इस परिसर के पूर्व नगरसेवक सुनिल सोनी ने बताया कि शनिवार दोपहर में निवासियों ने पानी के पाइप लाइन टूटे होने की शिकायत की. वह देखने के लिए गए तो उन्होंने सभागृह का दरवाजा खुला देखा, उन्हें शक हुआ, जब वह अंदर आए तो ये देखकर दंग रह गए कि जिम का सारा सामान, खिड़की, दरवाजे, स्लाइडिंग, नल एवं पानी का विद्युत पंप, नल आदि गायब हैं. उन्होंने तुरंत नगर परिषद को खबर किया.



हमें ये जानकारी मिली है कि गत दो वर्षों से इस सभागृह में बाहरी जिलों से आए हुए एसआरपीएफ, पुलिस फोर्स के दर्जनों जवान रहते थे. बदलापुर घटना के समय यहां पर कुछ ज्यादा ही सुरक्षा पुलिसकर्मी रहने के लिए आ गए थे. ये लोग कब यहां से चले गए पता नहीं. जाते-जाते उनका कर्तव्य था कि वह नपा प्रशासन, पूर्व नगरसेवक के हाथों सभागृह को हैंडओवर करके जाते, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया. दरवाजे को ताला ना लगाते हुए कड़ी को रस्सी बांधकर चले गए हैं. सभागृह का सभी सामान थोड़ा-थोड़ा करके चोरों ने कई दिनों से ये चोरी की होगी. ऐसा अंदाज लगाया जा रहा है. इस चोरी की वारदात से नपा सुरक्षा रक्षकों में हड़कम्प मच गया है.

## युवक की पिटाई



**उल्हासनगर.** कैंप नंबर 2, गुरुनानकनगर से जा रहे संजूसिंह बाबूसिंह लबाना को एक गिरोह ने रोका और 'अलग गणपति क्यों बिठाया' बोलकर ब्लेड से वार कर दिया. इस मामले में उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.

संजू सिंह बाबूसिंग लबाना उल्हासनगर कैंप नंबर-2, गुरुनानकनगर से दोपहिया वाहन पर घर जा रहे थे। तभी संजू सिंह की दोपहिया गाड़ी को त्रिलोक सिंह, गुड्डू सिंह, राजेंद्र सिंह उर्फ बुबुल सिंह और क्रिया सिंह ने रोका और पूछा कि गणपति को अलग क्यों बैठाया गया है. गुस्से में आकर गिरोह ने संजूसिंह पर ब्लेड से हमला किया और लोहे की रोड से पीटा। इस मामले में उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में गिरोह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और पुलिस जांच जारी है.

# कल्याण-डोंबिवली में पानी की समस्या होगी हल

■ 585 करोड़ की निधि को मंजूरी

■ शहाड जलापूर्ति योजना को करेंगे पुनर्जीवित

■ सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे की सफलता

**कल्याण.** बारवी जल आपूर्ति योजना पर बढ़ती मांग के कारण डोंबिवली औद्योगिक क्षेत्र और उसके आसपास के ग्राहकों की अपर्याप्त जल आपूर्ति की शिकायतें बढ़ गई थीं। इस पृष्ठभूमि में, कल्याण-डोंबिवली शहर, डोंबिवली औद्योगिक क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में प्रचुर मात्रा में पानी की आपूर्ति प्रदान करने के लिए शहाड जल आपूर्ति योजना को पुनर्जीवित किया जा रहा है और इसके लिए एमआईडीसी के माध्यम से 585 करोड़ रुपये का फंड मंजूर किया गया है।



इस 585 करोड़ रुपये के फंड से जल उपचार केंद्र में 2500 घ.मी. शुद्ध जल का नया भंडारण टैंक के पंपिंग स्टेशन से 50 मिलियन लीटर क्षमता का पानी सप्लाई के लिए नई पंपिंग मशीन लगाई जाएगी। जल उपचार केंद्र में फिल्टर हाउस और पंप हाउस की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण, फिल्टर में बैकवाश पानी को शुद्ध करने के लिए एक नया केंद्र स्थापित करना, जैकवेल और उदंचन केंद्र और जल उपचार केंद्र के आसपास की सड़कों की मरम्मत और डामरीकरण करना और विभिन्न स्थानों पर पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा।

इसके तहत पाइप लाइन बिछाने के साथ ही विभिन्न कार्य किये जाने हैं। कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे ने इस योजना के पुनरुद्धार के लिए लगातार राज्य सरकार से बात की थी। उनका प्रयास सफल हुआ है और कल्याण, डोंबिवली और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों की पानी की समस्या हल हो जाएगी।

कल्याण लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को प्रचुर जल आपूर्ति प्रदान करने के लिए करोड़ों रुपये के फंड से जल जीवन मिशन लागू किया जा रहा है। इसी तरह, सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने राज्य जल आपूर्ति विभाग, एमआईडीसी के साथ लगातार बैठकें की थीं और कल्याण, डोंबिवली, डोंबिवली औद्योगिक क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को प्रचुर मात्रा में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पानी की आपूर्ति बढ़ाने की मांग की थी।

इस मांग के अनुसार, कल्याण डोंबिवली शहर को भी पानी की आपूर्ति बढ़ा दी गई है। बहरहाल, नागरिकों को आगे भी भरपूर जलापूर्ति उपलब्ध कराने के लिए पिछले कुछ वर्षों से बंद पड़ी शहाड़ जलापूर्ति योजना को फिर से शुरू करने के लिए सांसद डॉ. शिंदे ने लगातार फॉलोअप किया था। शहाद में 180 मिलियन लीटर प्रतिदिन क्षमता की शहाड जलापूर्ति योजना का निर्माण वर्ष 1966 से तीन चरणों में किया गया था। इस योजना के माध्यम से उल्हासनगर, कल्याण, डोंबिवली और डोंबिवली औद्योगिक क्षेत्र में पानी की आपूर्ति की गई।

बारवी जल आपूर्ति योजना के कार्यान्वयन के बाद, शहाड जल आपूर्ति योजना के माध्यम से पानी की आपूर्ति केवल उल्हासनगर शहर तक ही सीमित कर दी गई है। वर्तमान में शहाड जल प्रदाय योजना से 120 मिलियन लीटर प्रतिदिन पानी की आपूर्ति की जाती है. डोंबिवली औद्योगिक क्षेत्र एवं आसपास की रहीवासी कॉलोनी में पानी की कमी को देखते हुए शहाड जलापूर्ति योजना में 180 मिलियन लीटर प्रति दिन पूरी क्षमता का उपयोग करते हुए 50 मिलियन लीटर डोंबिवली औद्योगिक क्षेत्र को दैनिक आधार पर पानी की आपूर्ति करने का प्रस्ताव है। ऐसे में सांसद डॉ. शिंदे की कोशिशें वे इसमें सफल रहे हैं और शहाड जल आपूर्ति योजना को पुनर्जीवित किया जा रहा है और इसके लिए एमआईडीसी के माध्यम से 585 करोड़ रुपये का फंड स्वीकृत किया गया है। इससे बड़ी संख्या में नागरिकों की प्रचुर पानी की प्यास बुझेगी। राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने इस संबंध में निर्णय लिया है.

# दो युवकों ने की आत्महत्या

**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली शहर में शुक्रवार को दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों ने आत्महत्या कर ली. डोंबिवली के एक मामले में एक युवक ने अपनी प्रेमिका के मिलने से इनकार करने के कारण उसके घर की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। ऐसे में कल्याण के एक 11 साल के लड़के ने अपने प्रेम संबंध उजागर होने के तनाव के कारण आत्महत्या कर ली.

इन दोनों मामलों के रिकॉर्ड मानपाड़ा, कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में हैं। कोल्हापुर जिले के पन्हाला तालुका का रहने वाला युवक स्वप्निल अनिल धूमल (23) अपनी प्रेमिका से मिलने डोंबिवली आया था। लेकिन दोस्त ने उससे मिलने से इनकार कर दिया. इससे वह अवसादग्रस्त हो गया। इसी डिप्रेशन के चलते वह अपने दोस्त के घर की चौथी मंजिल की छत पर गया और जमीन पर कूदकर आत्महत्या कर ली। युवक को तुरंत इलाज के लिए शास्त्री नगर अस्पताल ले जाया गया. वहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। मानपाड़ा पुलिस स्टेशन के कांस्टेबल एस. के. आढाव की शिकायत पर मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है.



वहीं कल्याण पूर्व के कोलसेवाड़ी इलाके में रहने वाला 11 साल का लड़का शुक्रवार को टिटवाला से एक नाबालिग लड़की को घर ले आया जब उसके मां और पिता बाहर गए हुए थे. अचानक माता-पिता घर लौट आए। माता-पिता ने नाबालिग से लड़की के बारे में पूछा कि वह घर क्यों आई है। इसके बाद माता-पिता बच्ची को ले गए और उसके घर टिटवाला में छोड़ दिया. इस वक्त नाबालिग लड़का घर में अकेला था. इस दौरान नाबालिग लड़के ने रिहायशी मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, उसे डर था कि उसके माता-पिता उस पर चिल्लाएंगे। मामला कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है.

000000000000

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## एंटीबायोटिक खाने वाले हो जाएं सावधान

लोगों में यह धारणा आम हो गई है कि कोई भी बीमारी रोग प्रतिरोधक दवाओं (एंटीबायोटिक) के बिना जल्दी ठीक नहीं हो सकती। खांसी-जुकाम और बुखार जैसी सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में भी रोग प्रतिरोधक दवाओं का इस्तेमाल बढ़ रहा है। नतीजा यह कि रोग प्रतिरोधक दवाएं निष्प्रभावी हो रही हैं और यह वैश्विक स्तर पर गंभीर समस्या बन गई है।

'द लांसेट' पत्रिका में प्रकाशित नए अध्ययन में दावा किया गया है कि वर्ष 1990 से 2021 के बीच रोग प्रतिरोधक दवाओं के निष्प्रभावी हो जाने से दुनिया भर में हर साल 10 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। अगले 25 वर्षों में 3.9 करोड़ से अधिक लोगों की जान जा सकती है। अध्ययन में कहा गया है कि रोग प्रतिरोधक दवाओं के निष्प्रभावी होने से भविष्य में भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश सहित दक्षिण एशिया में सर्वाधिक असर दिखने का अनुमान है। स्पष्ट है कि दक्षिण एशियाई देशों में रोग प्रतिरोधक दवाओं का इस्तेमाल बढ़ रहा है। यह बात सही है कि गंभीर संक्रमण वाली बीमारियों के इलाज में रोग प्रतिरोधक दवाएं कारगर होती हैं, लेकिन जरूरत से ज्यादा और लंबे समय तक इन दवाओं का सेवन स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह होता है।

दरअसल, रोग प्रतिरोधक दवाओं के प्रति प्रतिरोध तब उत्पन्न होता है, जब संक्रामक रोगाणु को मारने के लिए बनाई गई ये दवाएं निष्प्रभावी हो जाती हैं, क्योंकि रोगाणु इन दवाओं का प्रतिरोध करने की क्षमता विकसित कर लेते हैं। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में रोग प्रतिरोधक दवाओं के निष्प्रभाव से होने वाली मौत में 80 फीसद से अधिक की बढ़ोतरी हुई है।

बुजुर्ग ऐसी दवाओं का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। अनावश्यक रूप से ली जाने वाली ये दवाएं शरीर में फायदेमंद जीवाणुओं को भी नष्ट कर देती हैं, जिससे और भी कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो जाती हैं। विशेषज्ञों की राय है कि रोग प्रतिरोधक दवा चिकित्सक के परामर्श से ही लेनी चाहिए। साथ ही, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और नीति निर्माताओं को भी चाहिए कि ऐसी दवाओं के इस्तेमाल व बिक्री को लेकर नियमों को और सख्त करें।

# हमारे विकास का इंजन बनेंगे खास बारह औद्योगिक शहर

विकसित भारत की राह बेशक विनिर्माण क्षेत्र से होकर गुजरती है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी को 25 प्रतिशत तक बढ़ाने पर लगातार ध्यान दिया जा रहा है और ऐसा करना एक आधुनिक अर्थव्यवस्था के अनुरूप है। जो कदम उठाए जा रहे हैं, उनमें व्यापार को आसान बनाने और व्यापार की लागत घटाने के उपाय शामिल हैं। इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक बुनियादी ढांचे के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

फिलहाल, देश भर में 4,400 से अधिक औद्योगिक पार्क/क्षेत्र हैं, जिनमें से 64 प्रतिशत मिश्रित उपयोग वाले हैं। वैसे, हाल ही में क्षेत्र-विशेष आधारित पार्कों की ओर रुझान बढ़ा है। गौर करने की बात है कि देश में कुल औद्योगिक पार्क या क्षेत्र का 75 प्रतिशत हिस्सा पांच राज्यों में ही है। जाहिर है, विशेष औद्योगिक क्षेत्रों ने इन राज्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब सरकार ने घोषणा की है कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम, यानी एनआईसीडीपी के तहत 12 नए औद्योगिक शहर बनाए जाएंगे। इस काम के लिए केंद्र ने 28,602 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी है। ये शहर देश के औद्योगिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे। वैश्विक प्रतिस्पद्र्धा बढ़ाएंगे। 40 लाख प्रत्यक्ष व परोक्ष रोजगार पैदा करेंगे और 1.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश को आकर्षित कर आर्थिक विकास के इंजन के रूप में काम करेंगे।



उद्योग के दृष्टिकोण से राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम देश की जरूरत है। यह बात अक्सर चर्चा में आती है कि यह भारत का समय है। भारत को एक वैश्विक उत्पादन केंद्र बनना होगा। तमाम तरह की वस्तुओं के उत्पादन व विश्व स्तर पर आपूर्ति में भी उसे आगे आना होगा। भू-राजनीतिक वजहों से भी उसके लिए वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने का समय आ गया है। औद्योगिक शहरों के बनने से निवेश को जमीन पर साकार करने का समय कम हो जाएगा। अब ऐसा परिवेश देना जरूरी है कि निवेशकों का समूह विनिर्माण या मैन्युफैक्चरिंग तंत्र का तेजी से विकास कर सके। ध्यान रहे, 2030 तक निर्यात में दो ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य को पाने के लिए विशेष औद्योगिक शहर चाहिए।

भारत की उच्च लॉजिस्टिक्स लागत चिंता का विषय रही है। उत्पादों के परिवहन का खर्च ज्यादा हो जाता है। जब औद्योगिक शहरों का विकास होगा, तो उत्पादों की परिवहन सुविधा बढ़ेगी और लागत घट जाएगी। उत्पादन या सामान परिवहन के मामले में भारत अपनी स्थिति सुधारने के प्रयासों में लगा है। इस मोर्चे पर रैंकिंग सुधारने के लिए 2022 में राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) की घोषणा की गई थी। जब एक ही औद्योगिक शहर में सभी जरूरी उत्पाद उपलब्ध होंगे, तो किसी भी वस्तु की निर्माण लागत में कमी आएगी। भारतीय उत्पादों को किफायती या विश्व स्तर पर प्रतिस्पद्र्धी बनाने के लिए लागत को हर स्तर पर घटाना होगा, ताकि ग्राहकों को वाजिब मूल्य पर सामान उपलब्ध हो सकें।

शहरीकरण विकास की ही एक शाखा है। भारत में शहरी नियोजन में सुधार होना चाहिए। नए स्मार्ट शहर विकसित करके और 'वॉक टु वर्क' अवधारणा को बढ़ावा देकर हमें अपना नजरिया बदलना होगा। सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए इन शहरों में हरित टेक्नोलॉजी का उपयोग सुनिश्चित करना होगा। ऐसे शहरों का विकास केंद्र बनना जरूरी है, ताकि उनके आसपास जरूरी उत्पादन व सेवा के उद्यम स्थापित हो सकें। जब नौकरियां बनेंगी। आजीविका का सृजन होगा, तो देश का सामाजिक-आर्थिक उत्थान भी होगा।

औद्योगिक पार्क भारत के लिए नए नहीं हैं, पर उन्हें लेकर जो नई दृष्टि है, वह व्यापक है। मजबूत टिकाऊ ढांचे के लिए यह जरूरी है, तभी मैन्युफैक्चरिंग इकाइयां बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगी। ताजा घोषणा से अनेक पहलू जुड़े हैं, पर हर पहलू में क्रियान्वयन सबसे अहम होगा। चार परियोजनाओं का पूरा होना व अन्य चार पर तेजी से काम होना शुभ संकेत है। यह काम देश में पहले ही हो जाना चाहिए था। खैर, भारत के औद्योगिक क्षेत्र को बदलने के प्रयासों को अब बढ़ावा मिलने लगा है।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

ध्यानाभ्यास की उपचारात्मक शक्ति से हम भावनात्मक पीड़ा को कम व समाप्त कर सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# अमेरिकी अदालत के फरमान के बाद रिश्तों पर असर

खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के आरोप में एक अमेरिकी अदालत के भारत सरकार, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और रा प्रमुख के खिलाफ, जारी अदालती फरमान को लेकर स्वाभाविक ही चर्चा तेज हो गई है। यह चर्चा ऐसे समय में शुरू हो गई है, जब अगले हफ्ते प्रधानमंत्री क्वाड बैठक में हिस्सा लेने अमेरिका जाने वाले हैं। पन्नू की हत्या की साजिश का पर्दाफाश खुद अमेरिकी सुरक्षा एजंसी ने किया था। उसने एक भारतीय व्यवसायी को गिरफ्तार किया था, जिसने कबूल किया कि एक बड़े भारतीय अधिकारी के कहने पर उसने पन्नू की हत्या की साजिश रची थी। इसे लेकर वहां के अखबारों में भी खूब चर्चा रही। उसी आधार पर पन्नू ने अमेरिका की एक जिला अदालत में मुकदमा दायर किया, जिसके आधार पर यह अदालती फरमान जारी हुआ है।

हालांकि भारत सरकार ने पन्नू के मुकदमे को निराधार बताया है। इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय खुफिया एजंसी का हाथ बताया था। उस संबंध में भारत सरकार लगातार कनाडा सरकार से सबूत मांगती रही, मगर वह दे पाने में अक्षम ही साबित हुई।

कुछ लोगों का मानना है कि अमेरिकी अदालत के फरमान के बाद



दोनों देशों के रिश्तों में कुछ खटास पैदा हो सकती है, मगर इसका कोई आधार नहीं है। अदालतों की अपनी एक प्रक्रिया होती है और अमेरिकी जिला अदालत ने उसका पालन किया है। इससे अमेरिका और भारत के रिश्तों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला। छिपी बात नहीं है कि पन्नू को भारत सरकार ने आतंकवादी घोषित कर रखा है। वह प्रकट रूप से खालिस्तान समर्थकों को उकसाता और मदद मुहैया कराता रहता है। वह अमेरिका और कनाडा दोनों देशों का नागरिक है।

भारत सरकार उसके खिलाफ शिकंजा कसने की मांग करती रही है, मगर कनाडा सरकार ने कभी उस पर गंभीरता नहीं दिखाई। जब एक संदिग्ध भारतीय नागरिक को अमेरिकी खुफिया एजंसी ने गिरफ्तार किया और उससे पता चला कि पन्नू की हत्या की साजिश रची गई है, तो पन्नू को खालिस्तान समर्थकों को भारत सरकार के खिलाफ भड़काने और उनकी सहानुभूति हासिल करने का मौका मिल गया। जाहिर है, इस बहाने वह अपने पक्ष में सहानुभूति लहर बनाने और यह साबित करने का प्रयास कर रहा है कि भारत सरकार खालिस्तान समर्थकों के विरुद्ध साजिशें रच रही है।

कोई भी देश और वहां की अदालत किसी भी आतंकी गतिविधि में शामिल व्यक्ति के किसी दूसरी सरकार के विरुद्ध अनर्गल आरोप को प्रोत्साहित नहीं कर सकती। चूंकि अमेरिकी अदालत के सामने पन्नू के आरोपों के पीछे कुछ आधार हो सकते हैं, इसलिए अदालत ने यह फरमान जारी कर दिया। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि इससे पन्नू का पक्ष मजबूत हो गया। केवल किसी आरोपी के कबूलनामे के आधार पर कोई मामला सच साबित नहीं हो जाता। ऐसे मामलों में उच्चस्तरीय जांचें महत्त्वपूर्ण होती हैं। जब अमेरिकी खुफिया और सुरक्षा एजंसियां इस मामले में कोई कदम नहीं उठा रहीं, तो पन्नू के आरोप का बहुत कोई अर्थ नहीं रह जाता। प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के समय भी निश्चय ही इस मसले पर वहां के राष्ट्रपति के साथ चर्चा होगी। यह बात गहराई से रेखांकित होनी चाहिए कि आतंकी गतिविधियों में संलिप्त और अमेरिका तथा कनाडा जैसी जगहों पर पनाह पाए पन्नू जैसे लोगों के खिलाफ निर्णायक कदम उठाने की जरूरत है।

# उड़ती चमगादड़ सा लगता है ये ब्लैक बैट फ्लॉवर

ब्लैक बैट फ्लावर, जिसे वैज्ञानिक रूप से टैका चैंट्रीरी के नाम से जाना जाता है, एक आकर्षक और रहस्यमयी पौधा है जिसने प्रकृति प्रेमियों और बागवानों दोनों का ही ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है. उड़ते हुए चमगादड़ की तरह दिखने वाले अपने आकर्षक रूप के साथ, यह विदेशी फूल किसी भी बगीचे या वनस्पति संग्रह में रहस्य और आकर्षण का पहलू जोड़ने का काम करता है. मजेदार बात ये है कि इसे ऊगाना आसान काम नहीं है.

दक्षिण पूर्व एशिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों से पैदा होने वाला ब्लैक बैट फ्लावर गर्म और

**जरा हट के**

आर्द्र वातावरण में पनपता है. इसका अनूठे गहरे बैंगनी से काले फूलों और जटिल, चमगादड़ जैसे ब्रैक्ट्स को आभास देता हुआ लगता है. लोगों को यह उसकी तस्वीर देखकर ही यकीन होता है.

क्या आप भी यकीन कर पाएंगे कि ब्लैक बैट फ्लावर को



देखकर लगता है कि जैसे कोई चमगादड़ उड़ रहा है. फूल की जटिल संरचना में लंबी ₹मूंछें₹ शामिल हैं जो केंद्र से फैली हुई हैं, जो इसे उड़ते हुए चमगादड़ के समान बनाती हैं. यह विशिष्ट रूप ब्लैक बैट फ्लावर को पारंपरिक फूलों से अलग करता है. ब्लैक बैट फ्लावर को एक दुर्लभ और असामान्य प्रजाति के रूप में पहचाना गया है, जो अपनी अपरंपरागत सुंदरता से वनस्पति विज्ञानियों और बागवानी विशेषज्ञों को आकर्षित करता है. इसकी दुर्लभता इसके आकर्षण को और बढ़ा देती है, जिससे यह पौधा और उसका फूल बेशकीमती हो जाता है.

यह जानकर भी हैरानी हो सकती है कि काला और चमगादड़ से जोड़ने के बावजूद कुछ संस्कृतियों में, ब्लैक बैट फ्लावर को समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है. इसे अक्सर सकारात्मक ऊर्जा से जोड़ा जाता है और माना जाता है कि इसे उगाने वालों के लिए यह सौभाग्य और समृद्धि लाता है.

ब्लैक बैट फ्लावर की खेती करना एक चुनौतीपूर्ण काम होता है क्योंकि इसे पनपने के लिए खास तरह के हालात की जरूरत होती है. यह छायादार क्षेत्रों में पनपता है, जिससे यह सीमित सीधी धूप वाले बगीचों के लिए एक आदर्श विकल्प बन जाता है. छाया के लिए इसकी प्राथमिकता इसे कई अन्य फूलों वाले पौधों से अलग करती है.

# इन कंडीशन में ना करें एक्सरसाइज...

## शरीर को होने लगेगा नुकसान

एक्सरसाइज करना फायदेमंद होता है लेकिन शरीर कई बार ऐसी कंडीशन में होता है। जब हमें वर्कआउट की नहीं बल्कि आराम की जरूरत होती है। अगर आपकी बॉडी इनमे से किसी भी तरह की समस्या से जूझ रही है तो एक्सरसाइज से बचें नहीं तो बॉडी को रिकवर होने में और भी ज्यादा समय लगेगा।

## सिर में दर्द

सिर में दर्द हो रहा तो भूलकर भी वर्कआउट ना करें। सिर दर्द होना शरीर के डिहाइड्रेटेड होने का लक्षण है। या फिर ब्लड प्रेशर हाई है। दोनों ही सिचुएशन में सिर में दर्द हो रहा तो एक्सरसाइज ना करें।

## पैरों में आ गई है चोट

अगर आपके पैरों में चोट या मोच आ गई है। तो किसी भी तरह के वर्कआउट से बचें। काफी सारे लोगों को लगता है कि पैरों में चोट लगी है तो अपर बॉडी वर्कआउट किया जा सकता है। लेकिन इस टाइम पर एक्सरसाइज करना आपके चोट की रिकवरी टाइम को बढ़ा देगा। क्योंकि शरीर की एनर्जी खत्म होगी और चोट को ठीक होने में टाइम लगेगा।

## सर्दी-खांसी होने पर

अगर किसी को सर्दी या खांसी है तो ऐसे वक्त भी वर्कआउट से



बचना चाहिए। क्योंकि इस वक्त इम्यूनिटी वीक होती है और शरीर बाहरी बैक्टीरिया से लड़ने में अपनी एनर्जी लगा रहा होता है। ऐसे वक्त में वर्कआउट करने से आपको थकान और कमजोरी महसूस होगी और सर्दी-खांसी ठीक होने में समय लगेगा।

## नींद पूरी ना होने पर

अगर आपकी नींद पूरी नहीं हो रही है तो भी वर्कआउट से बचना चाहिए। क्योंकि नींद डिस्टर्ब रहने पर शरीर थका हुआ महसूस होता है और ऐसे समय पर एक्सरसाइज करने से चोट लगने का डर ज्यादा रहता है।

## बढ़ी हुई हार्ट रेट

इन सारी सिचुएशन में हार्ट रेट अगर बढी हुई है तो एक्सरसाइज नहीं करनी चाहिए।

## एल्कोहल पीकर

अगर आपने एल्कोहल पी है तो एक्सरसाइज ना करें। क्योंकि ये शरीर को डिहाइड्रेट करती है और थकाकर रखती है। जिससे वर्कआउट करने पर चोट लगने का डर ज्यादा रहता है और मसल्स को नुकसान होता है।

# कड़ाही डोसा

खाना-खजाना

## सामग्री

**डोसा के लिए**

- 2 कप छोटे चावल
- ½ चम्मच मेथी
- 1 कप पोहा
- 1 कप नारियल कद्दूकस किया हुआ
- 1 चम्मच नमक
- 3 चम्मच तेल
- 1 चम्मच सरसों
- 1 चम्मच उड़द दाल
- 3 बारीक कटी हुई मिर्च
- करी पत्ते
- 1 चम्मच नमक

**चटनी के लिए**

- 1/4 कप कसा हुआ नारियल
- 1 चम्मच कटी हुई हरी मिर्च
- 1 चम्मच अदरक
- 2 चम्मच भुने चने
- 2 चम्मच दही
- एक मुट्ठी धनिया पत्ती
- स्वाद अनुसार नमक

## बनाने का तरीका

कड़ाही बन डोसा बनाने के लिए सबसे पहले चावल को अच्छी तरह धोने के बाद उसमें मेथी दाना डालकर कम से कम 4 घंटे के लिए भिगोकर अलग रख दें। तय समय



बाद चावल के पानी को बदलकर फ्रेश पानी के साथ चावल और मेथी को पीसकर उसका पेस्ट तैयार कर लें। इसके बाद पोहा, नारियल और पानी को मिलाकर स्मूथ घोल बनाकर उसे भी चावल के बर्तन में डालकर बैटर को 8-12 घंटे के लिए रेस्ट करने दें। अब बैटर का तड़का तैयार करने के लिए एक पैन में तेल गर्म करके उसमें सरसों, उड़द दाल, मिर्च और करी पत्ते डालकर चटकने दें। अब इस तैयार तड़के को बैटर में डालकर बैटर में नमक मिला दें। अब अप्पे पैन या कड़ाही को गर्म करके उसमें बैटर डालकर दोनों तरफ से पकाएं। आपका टेस्टी बन डोसा बनकर तैयार है। इसे नारियल की चटनी के साथ सर्व करें।

# बालों को घना और मजबूत बनाता है रोजमेरी हेयर ऑयल मास्क

## घर पर ऐसे करें तैयार

बालों को घना और मजबूत बनाए रखने की चाहत हर किसी की होती है। लेकिन आजकल बढ़ता प्रदूषण, भोजन में पोषक तत्वों की कमी और बालों पर केमिकल का इस्तेमाल, हेयर फॉल का कारण बनने लगता है। अगर आप भी बढ़ते हेयर फॉल से परेशान हैं और समस्या से राहत पाने के लिए कई तरह की दवा और महंगे ट्रीटमेंट करवाकर देख चुके हैं तो रोजमेरी हेयर ऑयल मास्क आपकी मदद कर सकता है। रोजमेरी ऑयल मास्क बालों के रोम को स्टिमुलेट करने, हेयर ग्रोथ को बढ़ावा देने और हेयर फॉल रोकने में मदद करता है। अगर आप भी बालों को घना और शाइनी बनाना चाहता हैं तो ये रोजमेरी ऑयल हेयर मास्क आपकी मदद कर सकता है।

## रोजमेरी ऑयल बनाना हेयर मास्क

रोजमेरी ऑयल बनाना हेयर मास्क बालों को मजबूत,सॉफ्ट और चमकदार बनाए रखने में मदद करता है। इस हेयर मास्क को तैयार करने के लिए एक कटोरी में



केला, एक चम्मच शहद और दो चम्मच ओट्स , दो चम्मच रोज़मेरी टी और 5 बूंदें लैवेंडर और एसेंशियल ऑयल की मिलाएं। सभी चीजों को अच्छी तरह एक साथ मिलाकर मास्क तैयार कर लें। अब इस मास्क को बालों में लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। 20 मिनट बाद बालों को माइल्ड शैम्पू से धो लें।

## रोजमेरी ऑयल मेथी हेयर मास्क

रोज़मेरी ऑयल और मेथी हेयर मास्क तैयार करने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में दो चम्मच मेथी पाउडर, 3 चम्मच एलोवेरा जेल और 8 बूंद एसेंशियल ऑयल मिलाकर 20 मिनट के लिए बालो पर लगा छोड़ दें। उसके बाद अपने बालों को किसी माइल्ड शैम्पू से धो लें। इस मास्क में मौजूद मेथी बालों की जड़ों को मजबूत बनाकर घना बनाए रखने में भी मदद कर सकती है।

## एलोवेरा रोजमेरी ऑयल हेयर मास्क

एलोवेरा रोजमेरी ऑयल हेयर मास्क बनाने के लिए एक कटोरी में दो चम्मच नारियल तेल और 2 से 3 चम्मच एलोवेरा जेल, रोजमेरी ऑयल की 5-6 बूंदें मिलाकर हेयर मास्क तैयार करें। इस हेयर मास्क को अपने बालों पर 20 मिनट तक लगाकर रखें। यह बालों को सॉफ्ट और शाइनी बनाए रखने में मदद कर सकता है।

# हाई बीपी का चेहरे पर भी पड़ता है बुरा असर

आपने अकसर सुना होगा कि हाई बीपी दिल की सेहत को खराब करके हार्ट अटैक और स्ट्रोक का कारण बनता है। लेकिन क्या आप ये बात जानते हैं ब्लड प्रेशर ना सिर्फ आपकी दिल की सेहत पर असर डालता है बल्कि उसका असर आपकी त्वचा पर भी पड़ता है।



## क्या होता है उच्च रक्तचाप

उच्च रक्तचाप को हाइपरटेंशन के नाम से जाना जाता है। यह एक सामान्य स्थिति है जो शरीर की धमनियों को प्रभावित करती है। लंबे समय तक उच्च रक्तचाप बने रहने से रक्त वाहिकाओं की दीवारों को नुकसान पहुंच सकता है। जिससे दिल का दौरा या स्ट्रोक जैसी गंभीर स्थितियां पैदा हो सकती हैं।

## चेहरे पर लालिमा

उच्च रक्तचाप के कारण चेहरे पर लालिमा आ सकती है। हालांकि, चेहरा लाल होने के पीछे कई बार अन्य कारण जैसे व्यायाम, गर्मी, भावनात्मक तनाव, मसालेदार भोजन या शराब का सेवन भी हो सकते हैं।

## स्किन पतली और कमजोर

लंबे समय तक हाई ब्लड प्रेशर बने रहने से स्किन पतली और कमजोर हो सकती है। जिसकी वजह से चोट लगने या घाव बनने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसी त्वचा पर लगा घाव भरने में भी समय लगाता है।

## मुंहासे

हाई ब्लड प्रेशर का सीधा संबंध मुंहासे और सोरायसिस जैसे त्वचा से संबंधी रोगों से तो नहीं पाया गया है, लेकिन माना जाता है कि यह इन बीमारियों के होने का खतरा बढ़ा सकता है।

## डल ड्राई स्किन

हाई ब्लड प्रेशर की समस्या ब्लड सर्कुलेशन को प्रभावित करके त्वचा तक पोषक तत्वों और ऑक्सीजन को पहुंचने में बाधा डाल सकती है। जिससे त्वचा डल और रूखी लगने लगती है।

## ये हैं बीपी को कंट्रोल रखने के उपाय

त्वचा की चमक और सेहत को बनाए रखने के लिए अपने बीपी को कंट्रोल रखें। अपने रूटीन में वर्कआउट, वजन कंट्रोल रखना, नमक और शराब का कम सेवन और तनाव से बचना शामिल करें।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष :** आज आपके बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। आज शिवजी की कृपा प्राप्त होगी। धर्नाजन होगा, जोखिम न लें। प्रयत्न एवं दूरदर्शिता से सहयोग एवं समर्थन मिलेगा। पारिवारिक सुख प्राप्त होगा। जोखिम के कार्यों में सावधानी रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पार्टी का आनंद मिलेगा।

**वृषभ :** विवाद से क्लेश होगा। दुःखद समाचार मिल सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वस्तुएं संभालकर रखें। सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। कहासुनी, बहस हो सकती है। विवाद समाप्त होने से शांति एवं संतोष मिलेगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। मनोरंजक यात्रा होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान मिलने की संभावना है। भूमि संबंधी लेन-देन में रुचि बढ़ेगी। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

**कर्क :** व्यापारिक उन्नति होगी। अनायास किसी समस्या का समाधान हो सकता है। अतिथियों का आवागमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। अपना व्यवहार संयमित रखकर काम करना जरूरी है। शिव की कृपा से कार्य सफल होंगे।

**सिंह :** यात्रा मनोरंजक रहेगी। वरिष्ठ जन सहयोग करेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। धनलाभ के अवसर आएंगे। जीवनसाथी से संबंधों में मधुरता आएगी। अहम का भाव मन में न पनपने दें। पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा।

**कन्या :** घर में अशांति रह सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। तनाव रहेगा। जल्दबाजी न करें। नौकरी, व्यवसाय में इच्छित वातावरण तैयार होगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यों में सफलता की संभावना है।

**तुला :** यात्रा मनोरंजक रहेगी। धनार्जन होगा। आलस्य को त्यागकर प्रत्येक काम समय पर करें। व्यापार अच्छा चलेगा। परोपकारी स्वभाव होने के कारण दूसरों की मदद करके सुख अर्जित करेंगे। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें। बकाया वसूली होगी।

**वृश्चिक :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। पिता का स्वास्थ्य संतोष देगा। आजीविका में प्रगति होगी। समय का दुरुपयोग न करें। अधिकारी कामकाज में सहयोग करेंगे। शत्रु भय रहेगा।

**धनु :** आज देव दर्शन प्राप्त हो सकते है। धार्मिक सत्संग का लाभ मिलेगा। कारोबार में बाहरी सहायता मिलेगी। रुके कार्य बनेंगे। सुखद यात्रा के योग बनेंगे। सोच-समझकर व्यय करें। पारिवारिक समस्याओं का हल सूझ-बूझ से करेंगे। व्यापार लाभप्रद रहेगा।

**मकर :** आपके कार्यों की परिवार एवं समाज में प्रशंसा होगी। संतान की मदद से आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापार में नए अनुबंधों से लाभ होगा। कष्ट, भय, तनाव का माहौल बनेगा। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। शत्रु पक्ष से सतर्क रहें।

**कुंभ :** शुभ समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। अपनी स्थिति, योग्यता के अनुरूप कार्य कर पाएंगे। अनसोचे काम होंगे। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी रखें। व्यापार अच्छा चलेगा। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। कुसंगति से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है।

**मीन :** आज भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बाहरी सहायता प्राप्त होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अनायास समस्या सुलझेगी। व्यापार-व्यवसाय में आशानुकूल स्थिति बनेगी। संत-समागम होगा। घर-परिवार की चिंता रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### सड़क निर्माण के दौरान मंदिर की दीवार ढही, मलबे में दबे 4 मजदूर, एक की मौत

**सुल्तानपुर.** सुल्तानपुर से एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। जहां नगरपालिका क्षेत्र में सड़क निर्माण कराया जा रहा था। इस दौरान शनिवार को ठेकेदार द्वारा बरती गई लापरवाही से सड़क से सटी चित्रगुप्त मंदिर की दीवार भरभरा कर गिर गई। इसके नीचे सड़क निर्माण में लगे चार मजदूर दब गए। डॉक्टर ने एक मजदूर को मृत घोषित कर दिया। तीन मजदूरों का इलाज जारी है। घटना कोतवाली नगर के सीताकुंड स्थित चित्रगुप्त मंदिर के पास की है। यहां नगर पालिका के ठेकेदार अजय सिंह द्वारा सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। प्रतिदिन की तरह आज भी सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ, लेकिन दोपहर बाद ठेकेदार द्वारा बरती गई लापरवाही से एकाएक सड़क से सटी मंदिर की दीवार ढह गई। जिस समय दीवार गिरी सड़क निर्माण में लगे मजदूर उसके पास ही थे, ऐसे में चार मजदूर दीवार के नीचे दब गए।

### प्रेमी ने न्यूड वीडियो मंगाकर दोस्तों को भेजा, वायरल होने पर प्रेमिका ने की आत्महत्या

**मेरठ.** मेरठ से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां लोहियानगर थाना क्षेत्र में एक छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या की वजह छात्रा का प्रेमी बताया जा रहा है, जिसने धोखे से छात्रा की वीडियो बना ली और फिर उसे वायरल कर दिया। वीडियो छात्रा के परिजनों तक पहुंची, जिसके बाद छात्रा ने फांसी लगा ली। ये घटना लोहिया नगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जहां एक छात्रा खरखौदा स्थित एक स्कूल में कक्षा 11 में पढ़ती थी। कुछ समय पहले छात्रा को एक युवक ने प्रेम जाल में फंसा लिया। आरोप है कि एक दिन युवक ने छात्रा से अश्लील वीडियो बनवाकर व्हाट्सअप पर मंगा ली। छात्रा को जरा भी एहसास नहीं था कि युवक वीडियो का गलत प्रयोग कर सकता है। एक दिन युवक ने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो न केवल छात्रा के गांव बल्कि आसपास के गांव तक वायरल हो गई।

### ससुरालीजनों से तंग आकर युवक ने की खुदकुशी

**इटावा.** इटावा से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां ससुरालीजनों की प्रताड़ना से तंग आकर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले उसने ने एक वीडियो बनाकर अपना दर्द बयां किया था। जिसमें उसने सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिवपाल सिंह और डीएम से परिवार की मदद की गुहार लगाई। वहीं, वीडियो वायरल होने के बाद प्रशास ने हड़कंप मच गया। ये घटना भरथना थाना क्षेत्र के शेखुपुर पचार वैर के पास का है। जहां निर्माणधीन पेट्रोल पंप पर शुक्रवार रात साढ़े 9 बजे थाना चौबिया क्षेत्र के गांव अहकारीपुरा में रहने वाले राजेश यादव के 24 वर्षीय बेटे अर्पित यादव का शव फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस फोर्स और फॉरेसिंक टीम मौके पर पहुंची। छानबीन करके नमूने एकत्र कराकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

### मेरठ में दिनदहाड़े तड़तड़ाईं गोलियां

**मेरठ.** मेरठ जिले में दिन दहाड़े गोलियां तड़तड़ाने लगीं। नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर सेक्टर 1 में प्रॉपर्टी के विवाद में एक मकान पर शनिवार दोपहर हथियारबंद युवकों ने हमला बोल दिया। आरोपियों ने फायरिंग और पथराव किया। इस दौरान घर के बाहर खड़े वाहन में भी तोड़फोड़ की गई। पुलिस टीम मौके पर दौड़ी। फिलहाल कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना शास्त्रीनगर सेक्टर-1 इलाके की है। यहां के रहने वाले सत्येंद्र कुमार का अपने ही भाई और बहनों से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। सत्येंद्र कुमार के भाई शैलेंद्र और उनकी बहनों ने मकान का एक हिस्सा कुछ लोगों को बेच दिया है। मकान पर कब्जा लेने के लिए शनिवार दोपहर को यही लोग मकान पर पहुंचे थे। पीड़ित परिवार ने गेट नहीं खोला तो आरोपी हमलावरों ने मकान पर पथराव किया और गोलीबारी कर दी। करीब 6 से 7 राउंड गोलीबारी की गई और मकान के बाहर खड़ी कार भी तोड़ दी। हमले में पीड़ित सतेंद्र को गोली लगी है, जबकि 3 लोग घायल हुए हैं।

# आतिशी दिल्ली की सबसे युवा सीएम बनीं

- **शीला दीक्षित, सुषमा स्वराज के बाद CM बनने वाली तीसरी महिला**
- **5 मंत्री भी शपथ ले रहे**

आतिशी ने शनिवार को दिल्ली की 17वीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राजनिवास में उन्हें एलजी विनय सक्सेना ने शपथ दिलाई। आतिशी दिल्ली की सबसे युवा और तीसरी महिला मुख्यमंत्री बन गईं। उनसे पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित CM रह चुकी हैं।

आतिशी के बाद सौरभ भारद्वाज. गोपाल राय, कैलाश गहलोत और इमरान हुसैन ने मंत्री पद की शपथ ली। मुकेश अहलावत मंत्री पद की शपथ लेंगे। कैबिनेट में मुकेश अहलावत एकमात्र नया चेहरा हैं।

43 साल की आतिशी कालकाजी सीट से तीन बार की विधायक हैं। आतिशी दिल्ली की सबसे युवा CM होने का केजरीवाल का रिकॉर्ड भी तोड़



दिया है। आतिशी 43 साल की हैं, जबकि 2013 में पहली बार CM बनने के समय केजरीवाल 45 साल के थे। AAP विधायकों ने 17 सितंबर को केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशी का नाम CM के रूप में फाइनल किया था।

आतिशी के शपथ ग्रहण समारोह में आम आदमी पार्टी कन्वेनर अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और पंजाब CM भगवंत मान शामिल हैं।

### केजरीवाल और सिसोदिया की भरोसेमंद

- केजरीवाल और सिसोदिया के जेल में रहते हुए पार्टी का मजबूती से स्टैंड रखती रहीं हैं। स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराने के लिए भी केजरीवाल ने आतिशी के नाम की सिफारिश की थी। 2013 के विधानसभा चुनावों के लिए आप का घोषणापत्र तैयार करने वाली समिति की प्रमुख सदस्य थीं। उसके बाद से ही पार्टी को विस्तार में अहम भूमिका निभाती रही हैं।
- 2013 से विधायक और मंत्री हैं। केजरीवाल के भरोसेमंद नेता हैं। केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह के जेल में रहने के दौरान आतिशी के साथ भाजपा पर लगातार हमलावर रहे हैं। मनीष सिसोदिया के जेल जाने पर आतिशी के बाद महत्वपूर्ण मंत्रालय सौरभ को ही सौंपे गए।

## आतिशी विधायकों की पसंद नहीं

- **केजरीवाल के वीटो से CM**

17 सितंबर, सुबह के 11.30 बजे। दिल्ली के CM अरविंद केजरीवाल के घर विधायक दल की बैठक होनी थी। इसी में तय होना था कि केजरीवाल की जगह नया CM कौन होगा। तय वक्त पर विधायकों का आना शुरू हुआ। कुछ विधायक 11.40-45 बजे तक आते रहे। सबसे आखिर में आए सोमनाथ भारती। तब तक अरविंद केजरीवाल आतिशी के नाम का प्रस्ताव रख चुके थे। नाम सुनकर कुछ विधायकों ने सहमति में हां कहा, तो कुछ चुप रहे।

तब मनीष सिसोदिया आगे बढ़े और बोले- 'आतिशी हमारी नई मुख्यमंत्री होंगी। क्या किसी को कोई ऐतराज है। हमें लगता है कि सब सहमत होंगे।'

ये बात सिसोदिया के साथ केजरीवाल ने मिलकर कही। मीटिंग में मौजूद दैनिक भास्कर के एक सोर्स बताते हैं कि शब्दों में कुछ हेरफेर हो सकता है, पर 30 मिनट चली मीटिंग में यही हुआ। न नए CM के नाम पर चर्चा हुई, न सलाह मशविरा किया, बस फैसला सुना दिया गया।

- **विधायकों को पता नहीं था, CM के लिए किसका नाम आगे है**

सूत्र बताते हैं, 'अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर आने के बाद जो भी हुआ, उसके बारे में विधायकों को कुछ पता नहीं था। केजरीवाल जेल से निकलते ही इस्तीफा देंगे और नया CM चुनने का ऐलान करेंगे, विधायक दल की बैठक में किस नाम की घोषणा होगी, विधायक इन सबसे अनजान थे। बस टाइम दिया और कहा गया कि मीटिंग होगी। नए CM के नाम पर चर्चा होनी है।'

क्या चर्चा हुई? सोर्स ने जवाब दिया, 'क्या चर्चा होती है। हमें उम्मीद भी नहीं थी कि विधायक दल से कोई नाम मांगा जाएगा। हां, ये उम्मीद थी कि कम से कम रस्म अदायगी के लिए ही सही, 2-3 नामों की लिस्ट आएगी। फिर बाकी नाम काटकर एक नाम तय किया जाएगा। ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।'

सूत्र आगे कहते हैं, 'क्या 30 मिनट में दिल्ली के सारे विधायकों के हिस्से एक-एक मिनट भी नहीं था। बैठकें तो कई घंटे चलती हैं। एक घंटे की बैठक रखी जा सकती थी। दरवाजे के उस तरफ खड़े लोगों को भी लगता कि विधायकों से चर्चा हुई है।'

'हालांकि, हर पार्टी में ऐसा ही होता है। लीडर फैसला सुनाते हैं। हरियाणा में BJP को ही देखिए। BJP ने CM मनोहर लाल खट्टर को वक्त पर नहीं हटाया, इसका नुकसान उसे होता दिख रहा है। खट्टर को न हटाने की जिद किसकी थी, बताने की जरूरत नहीं। राज्य के नेताओं और विधायकों की राय क्या खट्टर के मामले में मानी गई।'

# 42 दिन बाद काम पर लौटे डॉक्टर्स

- **ममता सरकार को 7 दिनों का अल्टीमेटम**

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में जूनियर डॉक्टर्स ने 42 दिन के बाद शनिवार सुबह आंशिक रूप से काम करना शुरू किया। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद महिला चिकित्सक से बलात्कार और हत्या की घटना हुई थी। इसके खिलाफ जूनियर डॉक्टर्स ने काम बंद कर दिया था। आज उन्होंने सभी सरकारी अस्पतालों में आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं में काम करना शुरू कर दिया, लेकिन उन्होंने बाह्य रोगी विभाग (OPD) में अब भी काम शुरू नहीं किया है।



प्रदर्शनकारी चिकित्सकों में शामिल अनिकेत महतो ने कहा, 'हमने आज से काम पर लौटना शुरू कर दिया है। हमारे सहकर्मी केवल आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं में अपने-अपने विभागों में काम पर लौटना शुरू कर चुके हैं, मगर ओपीडी में काम शुरू नहीं किया गया है। कृपया यह नहीं भूलें कि चिकित्सक केवल आंशिक रूप से काम पर लौटे हैं।' उन्होंने बताया कि उनके अन्य सहयोगी राज्य के बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए पहले ही रवाना हो चुके हैं, जहां वे विरोध प्रदर्शनों के बीच भी लोगों के स्वास्थ्य को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए अभया क्लीनिक शुरू करेंगे।

- **प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स की चेतावनी**

डॉक्टरों ने कहा कि वे इस घटना में प्रशासन की ओर से न्याय किए जाने और राज्य के स्वास्थ्य सचिव को हटाए जाने की अपनी मांगों को पूरा करने के लिए अगले सात दिनों तक इंतजार करेंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वे फिर से काम बंद करेंगे।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 9 अगस्त को महिला चिकित्सक का शव मिला था। ये डॉक्टर्स तभी से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मांग है कि इस घटना में जान गंवाने वाली महिला चिकित्सक को न्याय मिले। उन्होंने इस मामले में प्रमुख अधिकारियों की संलिप्तता का आरोप लगाते हुए उन्हें पदों से हटाने की भी मांग की है। सीबीआई ने मामले की जांच के सिलसिले में आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया है।

# मणिपुर में खतरे की घंटी!



- **म्यांमार से घुसे 900 आतंकवादी**
- **खुफिया रिपोर्ट में दावा**

**इंफाल.** खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में कहा गया है कि म्यांमार से करीब 900 आतंकवादी मणिपुर में घुस आए हैं और वे किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश कर रहे हैं। इसकी पुष्टि मणिपुर सरकार के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने भी की है। उन्होंने कहा कि कुकी आतंकवादियों के खतरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। म्यांमार से सटे पहाड़ी इलाके में सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए हैं। यह इलाका कुकी बहुल है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक म्यांमार से घुसपैठ करने वाले ये आतंकी ड्रोन चलाने में भी माहिर हैं। कुलदीप सिंह ने कहा कि इस खुफिया रिपोर्ट को हलके में नहीं लिया जा सकता है। खुफिया रिपोर्ट को सभी जिलों के एसपी और पुलिस के अन्य अधिकारियों को भेज दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया था कि म्यांमार से मणिपुर आने वाले आतंकी ड्रोन बेस्ड प्रोजेक्टाइल्स, मिसाइल और जंगल में लड़ाई करने में माहिर हैं।

### एक साथ हमला करने के फिराक में आतंकी

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये आतंकवादी 30-30 के गुट में पूरे राज्य में फैलना चाहते हैं। इसके बाद वे सितंबर के आखिरी सप्ताह में मैतेई गांवों को एक साथ निशाना बनाने की साजिश रच रहे हैं। रिपोर्ट को लेकर कुलदीप सिंह ने कहा कि यह शत प्रतिशत सही है। उन्होंने कहा कि खुफिया इनपुट पर विश्वास करके तैयारी करना ही सही होता है। अगर यह नहीं भी सही होती है तो इसमें दो ही गुंजाइ हैं। या तो ऐसा हुआ ही नहीं, या फिर सुरक्षा एजेंसियों के प्रयास के चलते होने नहीं दिया गया।

### हिंसा में विदेशी ताकतों का भी हाथ

बता दें कि म्यांमार में सशस्त्र गुट जुंटे के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है और बड़े हिस्से पर कब्जा भी कर चुका है। चिन प्रांत में जुंटा और एथनिग ग्रुप के बीच भीषण संघर्ष देखने को मिल रहा है। भारत की सीमा से सटे इलाकों के सैनिक भागकर भारत आने की कोशिश में रहते हैं। वहीं उनका पीछा करते हुए नि प्रांत के विद्रोही भी भारत में घुसने के फिराक में रहते हैं। मणिपुर सरकार कई बार कह चुकी है कि बीते एक साल से ज्यादा से चल रही हिंसा में विदेशी ताकतों का भी हाथ है। म्यांमार से होने वाली घुसपैठ भी हिंसा के लिए जिम्मेदार है। 1 सितंबर के बाद से बढ़ी हिंसा की घटनाओं को लेकर कुलदीप सिंह ने कहा कि 18 सितंबर को स्ट्रैटजिक ऑपरेशन ग्रुप की बैठक की गई है। इसमें सुरक्षा एजेंसियों को साथ मिलकर ऑपरेशन चलाने की बात कही गई है। इसके अलावा खुफिया रिपोर्ट पर भी चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों को खुफिया रिपोर्ट के बारे में बता दिया गया है। इसके अलावा चुराचांदपुर, फेरजॉल, तेंगनॉपाल, कामजोंग और उखरुल जिलों को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है।

# चीन की 'ब्यूटीफुल गवर्नर' को जेल

## 58 सहकर्मियों से बनाए संबंध, करोड़ों की घूसखोरी

**बीजिंग.** चीन में एक महिला अधिकारी को कदाचार के आरोपों में 13 साल जेल की सजा हुई है। साथ ही, 10 लाख युआन (लगभग 1.18 करोड़ रुपये) का जुर्माना लगाया गया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, झोंग यांग गुइझोउ के कियानान प्रांत की गवर्नर रही हैं। उन्होंने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (CPC) में उप सचिव के पद पर भी काम किया। खास बात यह है कि उनकी खूबसूरती की वजह से लोग आज भी उन्हें 'ब्यूटीफुल गवर्नर' कहकर बुलाते हैं। यांग पर 58 पुरुष सहकर्मियों के साथ यौन संबंध बनाने और लगभग 60 मिलियन युआन (71,02,80,719 रुपये)



की रिश्वत लेने का आरोप लगा।

झोंग यांग अब 52 साल की हो चुकी हैं। 22 की उम्र में वह कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल हुईं और नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (NPC) में डिप्टी के पद तक पहुंची। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने फल और कृषि संघ शुरू करने की दिशा में काफी काम किया। इसके जरिए किसानों की मदद और जरूरतमंद बुजुर्गों की सहायता के लिए पैसे खर्च किए जाते थे। विवाद उस वक्त खड़ा हुआ जब गुइझोउ रेडियो और टेलीविजन की ओर से डॉक्यूमेंट्री पेश की गई। इसमें आरोप लगा कि झोंग ने बड़े पैमाने पर रिश्वत ली। इसके बदले उन्होंने मनमर्जी कंपनियों को सरकारी निवेश के बहाने आकर्षक डील सौंपी।

डॉक्यूमेंट्री में एक निजी व्यवसाय के मालिक ने दावा किया कि झोंग यांग ने उन कंपनियों को नजरअंदाज किया, जिनसे उनके व्यक्तिगत संबंध नहीं रहे। साल 2023 में गुइझोऊ प्रांतीय अनुशासन निरीक्षण और पर्यवेक्षण समिति ने बताया कि झोंग पर कानूनी उल्लंघन का संदेह है।

### तिरुपति मंदिर प्रबंधन बोला

# प्रसाद अब पवित्र

- **कहा- जांच में एनिमल फैट की पुष्टि**

**नई दिल्ली.** आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के लड्डुओं की पवित्रता विवाद के बीच मंदिर प्रबंधन तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (TTD) ने कहा कि प्रसादम अब पूरी तरह से शुद्ध और पवित्र है। इसे आगे भी रखने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। उधर TTD के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव ने घी में जानवरों की चर्बी इस्तेमाल होने की बात मानी है। शुक्रवार, 20 सितंबर को उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि लड्डु जिस घी से बनाए जा रहे थे, उसके सैंपल्स के 4 लैब रिपोर्ट्स में इसकी पुष्टि हुई है। राव ने कहा कि मंदिर प्रबंधन के पास अपनी लैब नहीं थी। घी सप्लायर एआर डेयरी फूड्स ने इसका फायदा उठाया। इस बीच शनिवार को केंद्र और राज्य सरकार में फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के अधिकारी तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित एआर डेयरी फू* की फैक्ट्री में जांच करने पहुंचे। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वाराणसी में कहा- 'कल रात मेरे कुछ सहयोगी बाबा विश्वनाथ धाम गए थे। रात में मुझे बाबा का प्रसादम दिया, तो मेरे मन में तिरुमाला की घटना याद आई। मेरा मन थोड़ा खटका। हर तीर्थ स्थल में ऐसी घटिया मिलावट हो सकती है।

### बर्थडे पार्टी के बहाने होटल में एलएलबी छात्रा से गैंगरेप

यूपी के महोबा में सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां जन्मदिन पार्टी के नाम पर दो दोस्त एलएलबी छात्रा को होटल में ले गए और उसके साथ गैंगरेप किया। उसका अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता के पिता की तहरीर पर दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बेटी का दोस्त आदित्य सिंह बर्थडे मनाने की बात कहकर विधि महाविद्यालय से चार सितंबर को साथ ले गया। चरखारी बाईपास स्थित होटल में ले जाने के बाद आदित्य का साथी समीर भी पहुंच गया। इसके बाद आदित्य व समीर ने बेटी को डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया और उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। पीड़िता के होश में आने पर महाविद्यालय में छोड़कर दोनों भाग गए। शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

# बांग्लादेश को हराने से 6 विकेट दूर भारत




- **खराब रोशनी के कारण स्टंप्स जल्दी**
- **बांग्लादेश 158/4, टारगेट- 515**

ऋषभ पंत और शुभमन गिल ने महीनों की निराशा, आशंका और बैचेनी को शतकों के साथ मिटाते हुए बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। भारत के लिये पंत ने 109 और शुभमन गिल ने नाबाद 119 रन बनाये। दोनों ने चौथे विकेट के लिये 167 रन की साझेदारी की जिसकी बदौलत भारत ने कल के स्कोर तीन विकेट पर 81 रन से आगे खेलते हुए चार विकेट पर 287 रन पर पारी घोषित की। भारत के पास कुल 514 रन की बढ़त हो गई जिससे बांग्लादेश को 515 रन का दुरूह लक्ष्य मिला।

इससे पहले बांग्लादेश की टीम दूसरे दिन 149 रन पर आउट हो गई थी। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 158 रन बना लिये थे जब खराब रोशनी के कारण खेल चार बजकर 25 मिनट पर ही रोकना पड़ा। बांग्लादेश को अभी भी हार को टालने के लिये 357 रन बनाने हैं और पूरे दो दिन का खेल बाकी है। कप्तान नजमुल हुसैन शंटो (51) और शाकिब अल हसन (पांच) क्रीज पर हैं। बांग्लादेशी बल्लेबाज अगर स्टार आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को संभलकर खेलते तो उनकी स्थिति बेहतर हो सकती थी। अश्विन ने 63 रन देकर तीन विकेट लिए। तीसरे दिन का खेल गिल और पंत के नाम रहा। दोनों युवा बल्लेबाज व्यक्तिगत स्तर पर चुनौतियों से जूझते हुए पारंपरिक क्रिकेट की कसौटी पर खरे उतरे। दिसंबर 2022 में कार हादसे के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले पंत ने छठा टेस्ट शतक सिर्फ 124 गेंद में पूरा किया।

**Government of Maharashtra**
**Forest Department**
**Mangrove Division-North Konkan**
Abhimaan II, Sth Floor, Teen Haat Naka, Naupada, Thane (W)-400 602
Email-dfommcu@gmail.com
Parent Portal: http://mahatenders.gov.in

**E-Tender**
**Tender Notice No. DFO/MDNK/09/2624-25.**

Online Tender Forms in B-1 Format, for the following work are invited by the Divisional Forest Officer, Mangrove Division- North Konkan, Abhimaan II, 5th Floor, Teen Haat Naka, Naupada, Thane (W)-400 602 from the contractors registered with the Government of Maharashtra in appropriate class of Tender Notice.

The blank tender documents should be downloaded from Government website **http://mahatenders.gov.in** from **18/09/2024 at 11.00 am to 25/09/2024 at 03.00 pm.** Blank Tender documents will not be sold by this office; interested contractors have to download tender documents from the website. For any queries in this regard the interested contractors can contact on telephone no **022-69309286** during office hours.

All requisite information required for the submission of Bid Capacity documents is available on the above said website.

If any assistance is required regarding e-Tendering (uploading/downloading) please contact NIC Help Desk number: **1800 3070 2232**.

| Sr. No. | Name of work | Estimated cost | Earnest Money Deposit (Rs.) | Time limit for completion | Cost of Blank Tender Form (Non-Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Construction of boundary Demarcation Pillars at Beat Talavali, Ghansoli, Kopar khairane, Vashi, Nerul and Karave in Navi Mumbai Range of Mangrove Division- North Konkan. | 17,90,378/- | 17,904/- online net banking mode | 2 Months (Including Monsoon) | Rs. 500/-+ GST Online net banking mode. |

1) No changes are to be made by the contractor in the tender documents published on the website. If any changes are made the tender documents will be rejected & action accordingly will be taken against the contractor. Information published on the government website will be final.

2) Right to reject any or all the tenders without assigning any reason there of is reserved.

**Divisional Forest Officer,**
Mangrove Division-North Konkan

**PUBLIC NOTICE**

TAKE NOTICE THAT on behalf of our clients, we are investigating the right, title and interest, in respect of the leasehold property bearing Plot no. 31 admeasuring 3383 sq. mtrs. of Ambernath Industrial Area situated within the village limits of Kohoj Khuntavli, Taluka Ambernath, District Thane, more particularly described in the Schedule hereunder ("said property").

Any person having any share, right, title, benefit, interest, claim, objection and/or demand in respect of the said property or any part thereof by way of sale, transfer, exchange, assignment, mortgage, charge, gift, trust, muniment, inheritance, occupation, possession, tenancy, sub-tenancy, leave and license, license, care-taker basis, lease, sub-lease, lien, maintenance, easement, covenant, release, relinquishment, grant, or any other method through any agreement, deed, document, writing, conveyance deed, devise, bequest, succession, family arrangement/ settlement, memorandum of understanding, litigation, decree or court order of any court of Law, contracts/ agreements or encumbrance or otherwise howsoever are hereby requested to make the same known in writing to the undersigned within 15 (Fifteen) days from the date of publication of this notice of such claim/s, if any, with all supporting documents, failing which the claim, demand, right, title, interest, dispute, or objection, if any, of such person shall be treated as waived/abandoned and not binding on our clients.

**SCHEDULE**
**("SAID PROPERTY")**

All that piece and parcel of leasehold land bearing Plot no. 31 admeasuring 3383 sq. mtrs. in Ambernath Industrial Area situated within the village limits of Kohoj Khuntavli, Taluka Ambernath, District Thane and within the limits of Ambernath Municipal Council and in the jurisdiction of Sub-Registrar of Ulhasnagar Sub-District Registration District Thane.

Dated this 20th day of September 2024.

**Adv. MOHIT S. MAKHIJA**
204, Rewa Chambers, 31, New Marine Lines,
Mumbai, 400020

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक



## संक्षेप...

### यात्री ने टिकट चेकर पर किया हमला

**वसई.** अधिकारियों ने बताया कि 29 वर्षीय टिकट चेकर (टीसी) पर जुर्माना लगाने के लिए एक यात्री ने कथित तौर पर हमला किया। पश्चिमी रेलवे के नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर तैनात टीसी की पहचान विजय कुमार पंडित के रूप में हुई है, जिस पर कथित तौर पर हॉकी स्टिक से हमला किया गया।

यह घटना पश्चिमी रेलवे में एक यात्री द्वारा रेलवे कर्मचारी पर हमला करने का दूसरा मामला है। वसई सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) को दिए गए पंडित के बयान के अनुसार, वह पिछले 10 महीनों से नालासोपारा स्टेशन पर टिकट चेकर के रूप में काम कर रहा है। 19 सितंबर को सुबह करीब 7:13 बजे पंडित स्टेशन मास्टर के कार्यालय के पास प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर टिकट चेक कर रहा था, तभी यह घटना हुई।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की हलचल शुरू

■ **अगले हफ्ते दौरा करेगा चुनाव आयोग**







**मुंबई.** इलेक्शन कमीशन ने महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है. चुनावी प्रक्रिया का आगे बढ़ाते हुए आयोग अगले हफ्ते में दोनों राज्यों का दौरा करेगा. सूत्रों की मानें तो चुनाव आयोग की टीम पहले झारखंड का दौरा करेंगे और फिर महाराष्ट्र जाएगी.

आयोग के सूत्रों के मुताबिक मुख्य निर्वाचन आयुक्त अपने दोनों साथी आयुक्तों और अन्य आला अधिकारियों के साथ 23-24 सितंबर को झारखंड जाएंगे. झारखंड के दौरे के तुरंत बाद आयोग 27-28 सितंबर को महाराष्ट्र का दौरा करेगा.

सूत्रों का यह भी कहा है कि नवंबर के दूसरे या तीसरे हफ्ते में दोनों राज्यों में मतदान का कार्यक्रम तय किया जा सकता है. निर्वाचन आयोग सूत्रों के मुताबिक, चुनावी कार्यक्रम का ऐलान दशहरे के बाद वाले हफ्ते में हो सकता है.

बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को पूरा होगा, जबकि झारखंड विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 5 जनवरी तक रहेगा.

### स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत सफाई सुरक्षा शिविर आयोजित



**ठाणे.** राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के जयंतीनिमित्त 2 अक्टूबर 2024 को स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन किया जायेगा। जिसको लेकर 17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा मुहिम के दौरान सफाई मित्र सुरक्षा शिविर कार्यशाला आयोजित किया गया है।

431 ग्रामपंचायत के अंतर्गत सफाई कर्मचारीयों का स्वास्थ्य जांच हुआ।साथ ही सफाई मित्र को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मुहिम के अंतर्गत गांवों में श्रमदान के माध्यम से जिला के प्रमुख जगह जैसे सार्वजनिक स्थल,धार्मिक स्थल, बाजार,नदी का किनारा,रास्ते, पर्यटन स्थल का सफाई किया जायेगा। इस मुहिम में गावकरी, महिला बचत गट, स्वयंसेवी संस्था, स्कूल व कॉलेज के छात्र बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

# रीजेन्सी एंटीलिया के विशाल गुरूद्वारे में रिंकू भाई साहब का भव्य स्वागत





■ **धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन**

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर के पास स्थित म्हारल में रिजेंसी ग्रुप के सीएमडी महेश अग्रवाल, निदेशक उद्धव रूपचंदानी तथा अनिल भठीजा द्वारा रीजेंसी एंटीलिया व अवाना प्रोजेक्ट में एक भव्य मंदिर और गुरुद्वारा का निर्माण किया गया है। जिसका कुछ ही दिन पहले पहले उद्घाटन किया गया था। कल 20 सितंबर को अमृता वेला ट्रस्ट एवं नानिक रोटी ट्रस्ट के मुखिया भाई साहेब गुरुप्रीत सिंह जी उर्फ़ रिंकू भाईसाहब को नवनिर्मित मंदिर व गुरूद्वारे में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। जहाँ उन्होंने गुरुद्वारे में कीर्तन भी किया और मंदिर में भगवान का दर्शन भी किया। इस दौरान उन्होंने महेश अग्रवाल, उद्धव रूपचंदानी, अनिल भठीजा व समस्त रीजेंसी ग्रुप के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने उल्हासनगरवासियों को इतना बड़ा धार्मिक तोहफा दिया है इसके लिए आप लोग बधाई के पात्र हैं। इसके बाद वहां लोगों द्वारा धूमधाम और हर्षोल्लास के माहौल में रिंकू भाई साहब का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इस दौरान रिंकू भाई साहब भी भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर विधायक कुमार आयलानी, विक्की रूपचंदानी, भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, जमनु पुरुस्वानी, समाजसेवी अन्नू मनवानी, सनी लुल्ला आदि गणमान्य उपस्थित थे।

**न्यायालय व मुख्यमंत्री के आदेश को ताक पर रखकर**

# दिवा प्रभाग समिति में धड़ल्ले चल रहा है अवैध निर्माण कार्य



**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के अंतर्गत दिवा प्रभाग समिति बन गई है अवैध निर्माण कार्य का अड्डा जबकि न्यायालय व राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अवैध निर्माण कार्य पर अंकुश लगाने के लिए चल रहे विधानसभा सत्र में सख्त कानून पारित किया था कि अवैध निर्माण कार्य में लिप्त बिल्डर, जमीन मालक, संबंधित अधिकारी पर मामला दर्ज किया जाय।लेकिन मनपा के तत्कालीन आयुक्त अभिजीत बांगर ने कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किया था आज तक किसी भी बिल्डर, अधिकारी पर कार्रवाई नही हुआ।वहीं जीता जागता सबूत शिल महापे रोड और शिल सर्कल पर वन विभाग के जमीन पर अवैध निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।दिवा प्रभाग समिति के सहायक आयुक्त व संबंधित अधिकारी धृतराष्ट्र बन गये है।इस विषय को लेकर सोशल मीडिया, ट्विटर, अखबारों में लगातार खबर छप रही है इसके बावजूद भी भ्रष्ट अधिकारियों को कुछ फर्क नहीं पड़ रहा है।

# नवरात्र पर्व पर रास रंग का भव्य आयोजन

**ठाणे.** क्रेडाई एमसीएचआई की ओर से हर साल नवरात्रि के पावन पर्व पर रासरंग का भव्य आयोजन किया जाता है।इस साल भी शहर में स्थित हरिओम नगर जकात नाका के मैदान में रासरंग का भूमिपूजन विधिविधान से किया गया।एमसीएचआई के अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में क्रेडाई-एमसीएचआई की ओर से साल 2017 में रासरंग का शुरुआत हुआ अब यह उचाई के शिखर तक पहुंच गया है।इस साल का आयोजन आसर ग्रुप और जनसेवा प्रतिष्ठान के सहयोग से किया गया है।रासरंग के भूमिपूजन के अवसर पर सांसद नरेश म्हस्के, पूर्व नगरसेवक विकास रेपाले, नम्रता भोसले, क्रेडाई-एमसीएचआई ठाणे के अध्यक्ष जितेंद्र मेहता, सचिन मिरानी, फियाज मिरानी, अमरसिंह ठाकुर, भरत मेहता, भावेश गांधी, परेश ठक्कर, वी.के. पटेल, समन्वयक जय ठक्कर आदि उपस्थित थे। 3 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में बॉलीवुड के ढोल किंग हनीफ, असलम, उमेश बारोट, मशहूर गायिका द्रविता चोकसी ओबेरॉय, फिरोज लाडका, हैली मजूमदार, रूपाली कश्यप उपस्थित रहेगी।इस रासरंग के उत्सव में ठाणे शहर सहित मुंबई, कल्याण, डोंबिवली, भिवंडी,नाशिक, पूना आदि से भी लोग भाग लेंगे।

# केमिकल कंपनी के निदेशक से 70 हजार की आनलाइन ठगी

**मुंबई.** एक केमिकल कंपनी के निदेशक को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा 70,000 का भुगतान करने के लिए धोखा दिया गया, जब वह बीकेसी जा रहे थे। उस व्यक्ति ने दावा किया कि निदेशक की गाड़ी ने उनके दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी और नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है, और आगे की जांच जारी है।

शिकायतकर्ता, एल्प्स केमिकल्स के निदेशक निखिल एन मेहता ने पुलिस को बताया कि ठग ने दावा किया कि 14 सितंबर को हुई दुर्घटना में उनका फोन क्षतिग्रस्त हो गया था, और उनके कपड़े फट गए थे। मेहता ने कहा, ₹एक बाइक सवार अचानक एक कार के पास रुका। उसने मुझे बताया कि मेरी कार के पिछले हिस्से से झटका लगने के कारण वह गिर गया था, उसका फोन टूट गया था और उसके कपड़े फट गए थे।

उसने मुझे एक फोन दिखाया जो कथित तौर पर दुर्घटना के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। उसने मुझसे कहा कि मुझे उसे मुआवजा देना होगा, ऐसा न करने पर वह अपने लोगों को बुलाएगा और फिर वह गंभीर संकट में पड़ जाएगा। उसने धमकी देना शुरू कर दिया और मेरी विंडशील्ड पर पीटना शुरू कर दिया।

इसके बाद अज्ञात व्यक्ति ने मेहता से कहा कि वह उसके साथ मोरी रोड स्थित नजदीकी एटीएम पर जाए, उसके बैंक खाते से पैसे निकाले और उसे नकद भुगतान करे। मेहता ने कहा, ₹मैं अव्यवस्था के कारण परेशान और विचलित हो गया। मेरी कार ने कभी उसकी बाइक को टक्कर नहीं मारी और अगर यह घटना मेरी कार के पिछले हिस्से में हुई थी, तो जाहिर है कि मैं ऐसी किसी दुर्घटना के लिए जिम्मेदार नहीं हूं।₹ मेहता ने 50,000 रुपये निकाले और उसे भुगतान किया, लेकिन वह और पैसे मांगता रहा, इसलिए उसने उसे 20,000 रुपये और दिए। मेहता ने कहा, ₹चूंकि मैं जल्दी में था और ट्रैफिक और संभावित परेशानी से बचने के लिए, मैंने उसे 70,000 रुपये का भुगतान किया।₹

# ग्रामपंचायत के अंतर्गत नल-जल मित्रों की होगी नियुक्ति

■ **इच्छुक व पात्र लोग अपने ग्रामपंचायत में करें संपर्क**

**ठाणे.** जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य में पानी पुरवठा योजना की देखभाल व दुरुस्तीकरण के लिए अति आवश्यक जिला व प्रत्येक ग्रामपंचायत में प्लंबर, मैकेनिक, फिटर, इलेक्ट्रिशियन, पंप ऑपरेटर सहित तीन नल-जल मित्र की नियुक्ति करने वाली है।

इच्छुक व पात्र उम्मीदवार अपने ग्रामपंचायत में संपर्क करने के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे व परियोजना संचालक जल जीवन मिशन अतुल पारसकर ने आवाहन किया है। इसके लिए जलजीवन मिशन के अंतर्गत पानी पुरवठा योजना की देखभाल दुरुस्तीकरण योग्य पद्धती से होनी चाहिए इस उद्देश्य से प्रत्येक ग्रामपंचायत के अंतर्गत तीन नल जल मित्र का नियुक्ति किया जायेगा।

# प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया आचार्य चाणक्य कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन

■ **एसएसटी महाविद्यालय में भी केंद्र का शुभारंभ**





**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र सरकार के कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार विभाग द्वारा आचार्य चाणक्य कौशल विकास केंद्र की शुरुआत की गई। एसएसटी महाविद्यालय के केंद्र का भी इस अवसर पर उद्घाटन किया गया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के उद्घाटन कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री माननीय श्री एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री माननीय श्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री माननीय श्री अजीत पवार की उपस्थिति रही।

इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एसएसटी महाविद्यालय के विद्यार्थियों को देखने का अवसर महाविद्यालय प्रशासन ने प्रदान किया। महाविद्यालय के सुसज्जित कॉन्फ्रेंस हॉल में विद्यार्थियों ने इस प्रसारण में भाग लिया। विश्वकर्मा समाज को सम्मानजनक स्तर प्राप्त कराने और बलुतेदार समाज के व्यवसायों को सम्मानपूर्वक पहचान दिलाने के उद्देश्य से महाराष्ट्र सरकार की यह परियोजना सराही जा रही है। इसके माध्यम से नई पीढ़ी को रोजगार और स्व-रोजगार के अवसर मिलेंगे।

उद्घाटन समारोह के दौरान भारत के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी, उपमुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस और मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे ने भी उपस्थित लोगों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि भारत के पारंपरिक व्यवसायों को अधिक से अधिक मंच मिलना चाहिए, और केवल देश भर में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी हमारे कौशल की पहचान होनी चाहिए। इसी के जरिए बलुतेदार समाज की उन्नति होगी और उन्हें नई पहचान के साथ विकास के अवसर प्राप्त होंगे। इतने प्रतिष्ठित कार्यक्रम में सीधा ऑनलाइन सहभागिता का अवसर प्रदान करने के लिए महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी और आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

### आम सूचना

मैं श्रीमती अरुणा अभिमन्यू जाधव सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम नं. 3, महादेव नगर, पेंसिल फैक्ट्री रोड, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 44सीओ009952800) उक्त प्रॉपर्टी श्री लक्ष्मण आर. जाधव के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 19.9.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती अरुणा अभिमन्यू जाधव**

### आम सूचना

मैं श्री विक्रम संभाजी कांबले सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, ब्लॉक नं.ए-417 के सामने, सुभाष टेकड़ी, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 39डीओ008419400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुलोचना संभाजी कांबले के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 1.8.2018 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री विक्रम संभाजी कांबले**

### आम सूचना

हम श्री जीतेंद्र कमलाप्रसाद विश्वकर्मा, श्री हसंराज कमलाप्रसाद विश्वकर्मा व श्री जगदीश कमलाप्रसाद विश्वकर्मा सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, संतोष नगर, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 44सीओ009989300) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुनीता ब्रिजलाल विश्वकर्मा अल्यास सुनील कमलाप्रसाद विश्वकर्मा, श्रीमती रेखा संजय मिस्त्री अल्यास रेखा कमलाप्रसाद विश्वकर्मा व श्रीमती सुरेखा अवधेश विश्वकर्मा अल्यास सुरेखा कमलाप्रसाद विश्वकर्मा के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 16.9.2024 द्वारा हमें दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री जीतेंद्र कमलाप्रसाद विश्वकर्मा,**
**श्री हसंराज कमलाप्रसाद विश्वकर्मा**
**व श्री जगदीश कमलाप्रसाद विश्वकर्मा**

### आम सूचना

मैं श्री जगदीश कमलाप्रसाद विश्वकर्मा सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, शिव शक्ति कॉलोनी, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 43सीओ012631900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुनीता ब्रिजलाल विश्वकर्मा अल्यास सुनील कमलाप्रसाद विश्वकर्मा, श्रीमती रेखा संजय मिस्त्री अल्यास रेखा कमलाप्रसाद विश्वकर्मा, श्रीमती सुरेखा अवधेश विश्वकर्मा अल्यास सुरेखा कमलाप्रसाद विश्वकर्मा, श्री हंसराज कमलाप्रसाद विश्वकर्मा के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 16.9.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री जगदीश कमलाप्रसाद विश्वकर्मा**

### आम सूचना

हम श्री जीतेंद्र कमलाप्रसाद विश्वकर्मा व श्री हसंराज कमलाप्रसाद विश्वकर्मा सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, शिव शक्ति कॉलोनी, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 43सीओ009722100) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुनीता ब्रिजलाल विश्वकर्मा अल्यास सुनील कमलाप्रसाद विश्वकर्मा, श्रीमती रेखा संजय मिस्त्री अल्यास रेखा कमलाप्रसाद विश्वकर्मा, श्रीमती सुरेखा अवधेश विश्वकर्मा अल्यास सुरेखा कमलाप्रसाद विश्वकर्मा, श्री जगदीश कमलाप्रसाद विश्वकर्मा के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 16.9.2024 द्वारा हमें दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री जीतेंद्र कमलाप्रसाद विश्वकर्मा**
**व श्री हसंराज कमलाप्रसाद विश्वकर्मा**

### आम सूचना

हम श्री जीतेंद्र कमलाप्रसाद विश्वकर्मा व श्री हसंराज कमलाप्रसाद विश्वकर्मा सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, शिव शक्ति कॉलोनी, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 43सीओ009718200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुनीता ब्रिजलाल विश्वकर्मा अल्यास सुनील कमलाप्रसाद विश्वकर्मा, श्रीमती रेखा संजय मिस्त्री अल्यास रेखा कमलाप्रसाद विश्वकर्मा, श्रीमती सुरेखा अवधेश विश्वकर्मा अल्यास सुरेखा कमलाप्रसाद विश्वकर्मा, श्री जगदीश कमलाप्रसाद विश्वकर्मा के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 16.9.2024 द्वारा हमें दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री जीतेंद्र कमलाप्रसाद विश्वकर्मा
व श्री हसंराज कमलाप्रसाद विश्वकर्मा

# रिश्तेदार नहीं चाहते थे फिल्मों में आएं तृप्ति डिमरी

■ **पेरेंट्स से कहा था- पूरी तरह बिगड़ जाएगी**



**इम्तियाज** अली की फिल्म लैला मजनू से बॉलीवुड डेब्यू करने वालीं तृप्ति डिमरी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। हालांकि, एक समय ऐसा भी था, जब उनके परिवार वाले नहीं चाहते थे कि वो फिल्मों में आएं। उन्हें सोसाइटी और रिश्तेदारों के खूब ताने सुनने मिलते थे। तृप्ति ने ये भी बताया है कि रिश्तेदारों ने उनके पेरेंट्स से कहा था कि अगर तृप्ति फिल्मों में जाएंगी, तो उनसे कोई शादी नहीं करेगा।

हाल ही में तृप्ति डिमरी, कटरीना कैफ की ब्यूटी ब्रांड के-ब्यूटी बाय कटरीना की कन्वर्सेशन का हिस्सा बनी थीं। इस दौरान तृप्ति ने अपना स्ट्रगल शेयर किया है। तृप्ति ने कहा है, 'जब मैं मुंबई आई तो मेरे लिए ये बेहद मुश्किल था। मैं रोज घर से निकलकर ऑडिशन देने जाती थी। ऑडिशन के दौरान एक कमरे में 50-60 लोग होते थे। लोग, समाज, रिश्तेदार मेरे पेरेंट्स से बहुत बुरी बातें कहते थे। वो कहते थे आपने अपनी बेटी को इस प्रोफेशन में क्यों भेजा है। वो पूरी तरह बिगड़ जाएगी। वो गलत लोगों के साथ उठेगी-बैठेगी। वो अपने लिए गलत फैसले लेगी। कोई भी उससे शादी नहीं करेगा। वो अब शादी नहीं करेगी।

इंटरव्यू में तृप्ति ने मुंबई के स्ट्रगल पर कहा है, एक ऐसा समय भी रहा, जब मैंने उम्मीद खो दी थी। मैं सुबह सोकर उठती थी और मेरे पास कोई काम नहीं होता था। एक बात जो मैं जानती थी, वो ये कि मैं अपने घर नहीं जा सकती थी। मैं उन्हें जाकर ये नहीं कह सकती थी कि मैंने कुछ नहीं किया।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099